MUKUT
CLASSES

# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 8

## (राजनीतिक विज्ञान)

## अध्याय 1: भारतीय संविधान




**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

# अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1. किसी लोकतांत्रिक देश को संविधान की ज़रूरत क्यों पड़ती है?**
उत्तर: किसी लोकतान्त्रिक देश को संविधान की जरुरत निम्न कारणों से पड़ती है :-

1. संविधान से राजनेताओं के सत्ता के दुरुपयोग को रोका जा सकता है।
2. संविधान नागरिकों के अधिकारों को स्पष्ट करता है तथा उनके अधिकारों की रक्षा करता है ।
3. संविधान शासन व्यवस्था को नियमानुसार चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
4. संविधान सभी नागरिकों के मूल्य एवं आदर्शों को निर्धारित करता है।
5. संविधान शासन की शक्तियों को सीमित करता है।
6. संविधान शासन की निरंकुशता को नियंत्रित करता है।

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए दो दस्तावेजों के हिस्सों को देखिए। पहला कॉलम 1990 का नेपाल के संविधान का है। दूसरा कॉलम नेपाल के ताज़ा संविधान में से लिया गया है।**

| **1990 का नेपाल का संविधान<br>भाग-7: कार्यपालिका** | **2015 का नेपाल का संविधान<br>भाग-7: संघीय कार्यपालिका** |
|---|---|
| अनुच्छेद 35: कार्यकारी शक्तियाँ<br>नेपाल अधिराज्य की कार्यकारी शक्तियाँ महामहिम नरेश एवं मंत्रिपरिषद् में निहित होंगी। | अनुच्छेद 75: कार्यकारी शक्तियाँ<br>नेपाल की कार्यकारी शक्तियाँ, संविधान और कानून के अनुसार मंत्रिपरिषद् में निहित होंगी। |

**नेपाल के इन दोनों संविधानों में 'कार्यकारी शक्ति' के उपयोग में क्या फ़र्क दिखाई देता है? इस बात को ध्यान में रखते हुए क्या आपको लगता है कि नेपाल को एक नए संविधान की जरूरत है? क्यों?**

उत्तर: 1990 के नेपाल के संविधान में कार्यकारी शक्तियाँ राजा एवं उसके मंत्री परिषद् के पास है जबकि 2015 के संविधान में कार्यकारी शक्तियाँ मंत्रीपरिषद् के हाथ में है। 2015 के संविधान के अनुसार कार्यकारी शक्तियां चुनें हुए प्रतिनिधियों के पास है। इसलिए नेपाल को लोकतान्त्रिक व्यवस्था पर आधारित एक नए संविधान की जरुरत है।

**प्रश्न 3. अगर निर्वाचित प्रतिनिधियों की शक्ति पर कोई अंकुश न होता तो क्या होता?**
उत्तर: अगर निर्वाचित प्रतिनिधियों की शक्ति पर कोई अंकुश न होता तो वे सत्ता की शक्तियों का दुरूपयोग कर सकते हैं। वे सभी योजनाएं और नीतियां अपने फायदे के लिए बनाना शुरू कर सकते हैं। वे विरोधियों को जेल में डाल देते जैसा राजतंत्र में होता है।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित स्थितियों में अल्पसंख्यक कौन हैं? इन स्थितियों में अल्पसंख्यकों के विचारों का सम्मान करना क्यों महत्त्वपूर्ण है। इसका एक-एक कारण बताइए ।**
**(क) एक स्कूल में 30 शिक्षक हैं और उनमें से 20 पुरुष हैं।**
**(ख) एक शहर में 5 प्रतिशत लोग बौद्ध धर्म को मानते हैं।**
**(ग) एक कारखाने के भोजनालय में 80 प्रतिशत कर्मचारी शाकाहारी हैं।**
**(घ) 50 विद्यार्थियों की कक्षा में 40 विद्यार्थी संपन्न परिवारों से हैं।**
उत्तर :
(क) इस स्थिति में महिला शिक्षक अल्पसंख्यक है। हमें हमें महिला शिक्षकों के विचारों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि संविधान में सभी महिला और पुरुषों को समानता का अधिकार है।
(ख) इस स्थिति में बौद्ध धर्म को मानने वाले अल्पसंख्यक है। हमें उनके धर्म का सम्मान करना चाहिए क्योंकि संविधान में सभी को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार है।

(ग) इस कारखाने मांसाहारी लोग अल्पसंख्यक हैं। हमें उनके साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए क्योंकि संविधान के सभी को अपने भोजन के चुनाव का अधिकार है।
(घ) कक्षा में गरीब परिवारों के छात्र अल्पसंख्यक हैं। हमें गरीब छात्रों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए क्योंकि संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार है।

**5. नीचे दिए गए बाएँ कॉलम में भारतीय संविधान के मुख्य आयामों की सूची दी गई है। दूसरे कॉलम में प्रत्येक आयाम के सामने दो वाक्यों में लिखिए कि आपकी राय में यह आयाम क्यों महत्त्वपूर्ण है-**

| मुख्य आयाम | महत्त्व |
|---|---|
| **संघवाद** | |
| **शक्तियों का बँटवारा** | |
| **मौलिक अधिकार** | |
| **संसदीय शासन पद्धति** | |

उत्तर:-

| मुख्य आयाम | महत्त्व |
|---|---|
| **संघवाद** | (i) संघवाद में एक से अधिक स्तरों की सरकारें होती है। जैसे- केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय सरकार।<br>(ii) संघवाद में विभिन्न स्तरों की सरकारों की शक्तियों का बँटवारा हो जाता है। |
| **शक्तियों का बँटवारा** | (i) इसमें शासन की शक्तियों को विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका में बांट दिया जाता है।<br>(ii) ये तीनों अंग एक दूसरे पर अंकुश लगाते हैं। इस तरह तीनों के बीच सत्ता का संतुलन बना रहता है। |
| **मौलिक अधिकार** | (i) मौलिक अधिकार नागरिकों को सत्ता के मनमाने प्रयोग से बचाते हैं।<br>(ii) मौलिक अधिकार जनता के अधिकारों की रक्षा करते हैं और किसी भी प्रकार के अन्याय को रोकते हैं। |
| **संसदीय शासन पद्धति** | (i) संसदीय शासन प्रणाली में जनता सीधे अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है।<br>(ii) इस प्रणाली में शासन पर संविधान और जनता का पूरा नियन्त्रण रहता है। |

**प्रश्न 6. उन भारतीय राज्यों के नाम लिखिए जिनकी सीमाएँ निम्नलिखित पड़ोसी देशों से लगती हैं।**
**(क) बांग्लादेश**
**(ख) भूटान**
**(ग) नेपाल**
उत्तर:
(क) बांग्लादेश:- पश्चिमी बंगाल, मेघालय, त्रिपुरा, असम।
(ख) भूटान:- पश्चिमी बंगाल, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश।
(ग) नेपाल:- पश्चिमी बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड

MOKUTclasses